# विवि कुलगीत के लिए अपनी रचना 30 तक भेज सकते हैं

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से कुलगीत निर्माण के लिए रचनाकारों को 30 जून तक आवेदन का समय दिया गया है. गठित कमेटी ने निर्धारित थीम पर प्रविष्टियां आमंत्रित की है. कुलगीत हिंदी में और अधिकतम चार अंतरा का होना चाहिए. निर्धारित तिथि के बाद भेजी गयी प्रविष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा. एंट्री में रचनाकार को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पता, आयु, आधार और पासपोर्ट साइज फोटो भी भेजने को कहा गया है.